मार्गदर्शन

राजकीय आईटीआई में आयोजित किया गया कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम

छात्रों को दी स्वरोजगार के बारे में जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

साढौरा आईटीआई में स्वयंसेवक को सम्मानित करते प्रितेश कुमार जवेरी। संवाद

साढौरा। नेहरू युवा केंद्र की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राजकीय आईटीआई में आयोजित कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में छात्रों को युवा प्रशिक्षण और स्वरोजगार के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी प्रितेश कुमार जवेरी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन ग्रामीण युवा विकास मंडल के राष्ट्रीय स्वयंसेवक नीरू रानी व राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभिन्न विभागों से चार वक्ता मौजूद रहे। जिन में से राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षक पवन कुमार ने युवा प्रशिक्षण व स्वरोजगार की जानकारी दी।

प्रधानाचार्य कृष्णलाल ने शिक्षा व व्यवसाय के सामंजस्य व नेहरू युवा केंद्र से जुड़ने के लाभ की जानकारी दी। वहीं साढौरा के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मंगत राम ने कौशल विकास से जीवन विकास विषय के बारे में बताया। कार्यक्रम के समन्वयक सतपाल शर्मा ने युवा जीवन में योग की आवश्यकता व उसके लाभ एवं व्यावसायिक शिक्षा के बारे विस्तार से जानकारी दी।

जिला युवा अधिकारी प्रितेश कुमार जवेरी ने रोजगार संबंधित विभिन्न आयामों एवं कौशल विकास से स्वरोजगार तथा बैंक मित्र योजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलवाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक नीरू ने कहा कि इस प्रकार से आयोजनों से युवा वर्ग बेहद लाभान्वित होता है। युवा इंतजार खान, मीनू, लक्ष्मी व मीनू बक्शी ने कहा उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से नई जानकारियां प्राप्त हुई हैं जोकि उन्हें भविष्य में रास्ता दिखाने में उपयोगी होंगी।

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 24-02-2022

आईटीआई में की कॅरियर परामर्श कार्यशाला

साढौरा । भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र ने आईटीआई में कॅरियर परामर्श एवं कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला की गई। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी प्रितेश जवेरी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार कॅरियर का चयन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण युवा विकास मंडल की स्वयंसेवक नीरू व राजीव ने किया। इस दौरान आईटीआई के प्रशिक्षक पवन ने युवा प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार बारे बताया। कृष्ण लाल ने शिक्षा एवं व्यवसाय के सामंजस्य बारे बताया। मंगत राम सैनी ने कौशल विकास से जीवन विकास विषय बारे बताया। मौके पर इंतजार खान, मीनू, लक्ष्मी एवं मीनू बख्शी उपस्थित रहे।

नौकरी के लिए साक्षात्कार कराया

साढौरा। राजकीय आईटीआई में वीरवार को टर्नर, फीटर ट्रेड के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का नौकरी के लिए साक्षात्कार कराया गया। मैसर्ज ऐलीना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली के एचआर मैनेजर धर्मेंद्र वशिष्ठ ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। प्लेसमेंट में आईटीआई संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों के लगभग 50 छात्रों ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा कैंपस में साक्षात्कार का आयोजन कराया गया। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटीआई कोर्स के बाद शत प्रतिशत अप्रेंटिसशिप और जॉब ऑफर उपलब्ध करवाना है। इस दौरान कर्ण सिंह मान, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार व सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे। संवाद